# बिजली संबंधी समस्या, तो कैंप में हो जाएगा समाधान

**GOOD NEWS**

**शिविर में पहुंच कर उपभोक्ताओं से की गई अधिक संख्या में लाभ उठाने की अपील**

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (23 March):** यदि आपकी भी बिजली बिल में गड़बड़ी, मीटर बदलने, लोड बढ़ाने या फिर बिजली से संबंधित अन्य कोई भी शिकायत, तो देर किस बात की है, झट से पहुंच जाएं ऊर्जा निगम के बिजली सब स्टेशनों में और हाथों-हाथ कराएं अपनी समस्या का समाधान. जी हां, राज्य सरकार के 3 साल पूरे होने पर ऊर्जा निगम की ओर से भी विद्युत सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों की मौजूदगी में शिकायतें सुनी जा रही है. इसके अलावा बिल वसूली के लिए अवकाश के दिन भी कार्य किया जा रहा है. शिविर में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है.



समस्याओं के समाधान के लिए बिजली विभाग लगा रहा कैंप.

## स्मार्ट मीटर की गलतफहमी की जा रही दूर

विद्युत सेवा शिविरों में अवर अभियंता व उपखंड अधिकारियों भी उपस्थित हैं. साथ ही संबंधित अधिशासी अभियंता, अधीक्षण अभियंता, मुख्य अभियंता भी समय-समय पर शिविरों में उपस्थित रहेंगे. ऊर्जा निगम की ओर से चंपावत, देहरादून, पिथौरागढ़, नैनीताल सहित अन्य जिलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान उपभोक्ताओं को प्रदेशभर में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर की भी विस्तृत जानकारी दी जा रही है.

## कंज्यूमर्स को किया अवेयर

दून परेड ग्राउंड में आयोजित सेवा, सुशासन और विकास के तीन साल कार्यक्रम में ऊर्जा स्टाल लगाकर ऊर्जा निगम ने आम जन को सोलर और अन्य विद्युत संबंधी कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से जागरूक किया गया. इ

सके अलावा ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेशभर में इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. इन शिविरों के माध्यम से ऊर्जा निगम की ओर से बेहतर उपभोक्ता सेवा सुनिश्चित करने, वर्तमान समय में ऊर्जा निगम के कार्यों, परियोजनाओं व उपलब्धियों से उपभोक्ताओं को अवगत कराया जा रहा है. ऊर्जा निगम के एमडी अनिल कुमार ने बताया कि ऊर्जा निगम की ओर से क्षेत्रीय इकाइयों में सब डिविजन स्तर पर विद्युत उपभोक्ताओं के लिए विद्युत सेवा शिविरों को आयोजित कराए जाने का निर्णय लिया गया है. इन शिविर में नए विद्युत संयोजन, मीटरिंग एवं बिलिंग से जुड़ी समस्याओं का निराकरण, विद्युत भार वृद्धि के आवेदनों, खराब मीटरों का बदला जाना व उससे जुड़ी शिकायतों का समाधान किया जा रहा है. साथ ही उपभोक्ता विद्युत से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी शिविर से प्राप्त हैं. सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जनभागीदारी बढ़ाने के लिए शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए व जन प्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए.

> **ऊर्जा निगम पिछले दो साल में कंज्यूमर्स को सेवा देने में काफी आगे निकल चुका है. भविष्य में सुविधाएं और मजबूत होंगी. इसके लिए अपग्रेडेशन के काम चल रहे हैं. आजकल पूरे प्रदेश में कैंप लगाए जा रहे हैं. अपील की जाती है कि सभी उपभोक्ता इसका लाभ उठाएं.**
>
> -**अनिल कुमार**, एमडी, उत्तराखंड पावर कारपोरेशन